भारत सरकार

Government of India

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

Ministry of Home Affairs, Department of Official Language

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

Hindi Teaching Scheme (Examination Wing)

परीक्षा की तारीख ---------------------

Date of examination

पारंगत परीक्षा - जून 2024

प्रश्न पत्र - प्रथम

समय : 3 घंटे पूर्णांक :100

---

1. नीचे दिए गए हिंदी शब्दों में से किन्हीं 10 शब्दों के अँग्रेजी पर्याय लिखिए और उन हिंदी शब्दों से कार्यालयीन हिंदी में वाक्य बनाइए ।

(15 अंक)

1. अनुमोदन	2. समायोजन	3. प्रति हस्ताक्षर	4. कार्योत्तर मंजूरी
5. अर्हता	6. उपदान	7. अद्यतन	8. अपरिहार्य
9. प्रापण	10. अग्रदाय	11.अनुदान	12. अनुरक्षण

2. निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए । **(15 अंक)**

1. महामारी न फैलने दी जाए ।
2. सभी भ्रांतियों का निवारण किया जाए ।
3. उत्पाद की गुणवत्ता की जाँच कर एक रिपोर्ट तैयार करें ।
4. चालू वित्त वर्ष के बजट में इस व्यय के लिए प्रावधान नहीं है ।
5. इस कार्य के निपटान के लिए एक समिति का गठन किया जाए ।
6. अनुस्मारकों के बावजूद विवरण प्रस्तुत करने में विलंब हुआ है ।
7. ऐसा न करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी ।
8. इस आदेश को पूर्व प्रभावी नहीं किया जा सकता ।
9. सूचना के अधिकार के तहत माँगी गई सूचना का उत्तर तत्काल दिया जाए ।
10. स्व प्रमाणित पंजीकृत प्रमाण-पत्र संलग्न करें ।

3. निम्नलिखित में से किन्ही दो स्थितियों पर यथा निदेशित मसौदे तैयार कीजिए । (20 + 20 अंक)

(क) पर्यटन मंत्रालय द्वारा देशभर में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों के साथ एक योजना बनाई गई है । इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न समाचार पत्रों और टी.वी. चैनलों पर इसका विज्ञापन देने के लिए एक टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए इस संबंध में जारी होने वाले पत्र का मसौदा तैयार कीजिए ।

(ख) श्री प्रमोद कुमार, अवर श्रेणी लिपिक ने शिकायत की है कि उनके सहकर्मी श्री सुभाष गुप्ता, प्रवर श्रेणी लिपिक एक राजनैतिक पार्टी के सक्रिय सदस्य हैं । श्री गुप्ता दिनभर कार्यालय समय में गायब रहकर उस पार्टी का कार्य करते रहते हैं । उन्हें कई बार धरना-प्रदर्शन करते हुए देखा गया है, जिसके साक्ष्य भी श्री प्रमोद कुमार ने प्रस्तुत किए हैं । मामले की सत्यता की जाँच करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने के लिए टिप्पणी और कार्यालय ज्ञापन का मसौदा प्रस्तुत कीजिए ।

(ग) श्री विनोद कुमार सिंह, अवर सचिव ने अपने पुश्तैनी मकान की मरम्मत कराने हेतु अपनी भविष्य निधि से रुपए 10,00,000/- लाख की आंशिक अंतिम निकासी हेतु आवेदन किया है । श्री विनोद कुमार सिंह, अवर सचिव को आंशिक अंतिम निकासी की देयता पर टिप्पणी और टिप्पणी के आधार पर बनने वाले आदेश का मसौदा तैयार कीजिए ।

4. निम्नलिखित में से किन्ही दो स्थितियों पर टिप्पणी तैयार कीजिए । (10 + 10 अंक)

(क) आपके कार्यालय के प्रवर श्रेणी लिपिक श्रीमती सरोजबाला का त्यागपत्र प्राप्त हुआ है । उस ग्रेड में तीन पद पहले से ही खाली पड़े हैं । उनके भरे जाने की निकट भविष्य में संभावना नहीं है । यह सुझाव देते हुए कि त्याग-पत्र फिलहाल स्वीकार करना कार्यालय हित में नहीं है, कार्यालय अधीक्षक की हैसियत से एक टिप्पणी तैयार कीजिए ।

(ख) आपके कार्यालय में स्थापित एयर कंडीशनरों के रख-रखाव के लिए जिस फर्म को अनुबंध दिया गया था वह फर्म अपना काम ठीक से नहीं कर रही । वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए अपने कार्यालय अध्यक्ष को टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए जिसमें उस फर्म का अनुबंध निरस्त करने की सिफारिश की जाए

(ग) आपके कार्यालय में अनुपयोगी पुराने कंप्यूटर, फर्नीचर और अलमारियां पडी हैं जो खराब हो चुके हैं । अपने कार्यालय प्रधान को इन्हें कंडम करने के बारे में पूर्ण विवरण देते हुए स्वत:पूर्ण टिप्पणी लिखिए ।

5. नीचे दिए गए वाक्यों में प्रयुक्त अंग्रेजी शब्दों के हिंदी पर्याय लिखते हुए हिंदी वाक्य पुनः बनाइए । (10 अंक)

1. होम मिनिस्ट्री से प्राप्त पत्रों को तुरंत डिसपोज करें ।
2. फाइनेंस संबंधी रिपोर्ट सबमिट करें ।
3. डिफॉल्टर से स्पष्टीकरण कॉल करें ।
4. ग्रेच्यूटी का पेमेंट किया जा चुका है ।
5. श्री क ख ग ने प्रोबेशन पीरियड सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है ।